# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक / एफ–166 / 1 / सा.प्र.वि. / शि.जां. / 2023 / 1294 भिलाई, दिनांक 28/11/23

## / / आदेश / /

कार्यालयीन आदेश क्रमांक / एफ–166 / स्टे.आयु. / 2023 / 4983 भिलाई, दिनांक 22.09.2023 के द्वारा **श्री दिलीप हुमने, सहायक राजस्व निरीक्षक** को श्री हरेन्द्र सिंह आ0 रामदेव सिंह को दक्षिण गंगोत्री (सुपेला के ब्लॉक क्र. 03 का भूखण्ड क्रमांक 20) विघटित साडा भिलाई द्वारा आबंटन किया गया था। आबंटिती द्वारा तत्कालीन साडा के समय लीज डीड का पंजीयन नहीं कराया गया। पश्चात् दिनांक 13.10.2020 को निगम में भूखण्ड आबंटन का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया किन्तु निगम अधिनियम प्रभावशील होने के कारण पंजीयन कार्यवाही नही की गई जिसके बाद आवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, छ.ग. बिलासपुर में वाद दायर किया गया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 09.05.2022 को आदेश पारित कर 60 दिनों के भीतर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार प्रकरण का निराकरण करने में उदासीनता बरती गई। उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत एवं कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता का परिचायक है। न्यायालयीन प्रकरण के प्रस्तुतीकरण / निराकरण में **श्री दिलीप हुमने, सहायक राजस्व निरीक्षक** द्वारा लापरवाही बरते जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

कार्यालयीन आदेश क्रमांक / एफ–166 / 1 / सा.प्र.वि. / शि.जां. / 23 / 1236 दिनांक 06.11.2023 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित किया गया है, जो प्रक्रियाधीन है।

अतः **श्री दिलीप हुमने, सहायक राजस्व निरीक्षक** के विरूद्ध जारी विभागीय जांच को संस्थित रखते हुए निलंबन से बहाल किया जाता है तथा सम्पत्तिकर विभाग में पदस्थ किया जाता है।

R. Vyas

रोहित व्यास
(आई.ए.एस.)
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**पृ.क्र / एफ–166 / 1 / सा.प्र.वि. / विविध / 2023 / 1295** **भिलाई, दिनांक** 28/11/23

**प्रतिलिपि :–**

1. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता, 1 / 2 / 3 / 4 / 5, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त 1 / 2, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. लेखाधिकारी / जनसंपर्क अधिकारी / राजस्व अधिकारी / सम्पत्तिकर अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. स्टेनो टू आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को निगम भिलाई की वेबसाईट में अपलोड हेतु सूचनार्थ।
9. **श्री दिलीप हुमने, सहायक राजस्व निरीक्षक** नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ ।

R. Vyas

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**